Nai Dunia (Indore), 13th January 2020, Page-15

# आई- 5 समिट में आईआईटी पेश करेगा अपने स्टार्टअप

इंदौर। नईदुनिया रिपोर्टर

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) इंदौर और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) इंदौर द्वारा हर वर्ष अगस्त में होने वाले सेंट्रल इंडिया का सबसे बड़ा स्टार्टअप प्लेटफॉर्म आई-5 समिट की तैयारी शुरू हो गई है।

पिछले साल आईआईएम ने अपने कुछ स्टार्टअप प्लेटफॉर्म में प्रस्तुत किए थे, लेकिन इसमें आईआईटी इंदौर पीछे रह गया था। 2018 में आईआईएम में हुई समिट में 5 हजार लोगों ने हिस्सा लिया था। इसमें 60 स्पीकर, 30 इन्वेस्टर और 63 स्टार्टअप ने हिस्सा लिया था। इन्हें 140 मिलियन की फंडिंग समिट में मिली थी। इस बार भी बड़े स्तर पर आई-5 समिट होगी। इसमें अन्य स्टार्टअप के साथ दोनों संस्थान अपने यहां के विद्यार्थियों द्वारा शुरू किए गए स्टार्टअप को ज्यादा प्रमोट करेंगे।

## कई यूनिक आइडिया नीचले स्तर पर ही रह जाते हैं

आईआईटी इंदौर के कार्यवाहक निदेशक डॉ. निलेश कुमार जैन का कहना है कि उच्च शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी पढ़ाई करने के साथ अपने रिसर्च काम भी करते हैं। इनमें से कुछ ऐसे आइडिया होते हैं जो



● फाइल फोटो

बिजनेस का रूप ले सकते हैं। इस वर्ष होने वाले आई-5 समिट में आईआईटी ज्यादा तैयारियों के साथ आएगा। कम्प्यूटर, मैकेनिकल, सिविल और अन्य क्षेत्रों में काम करने वाली सभी बड़ी कंपनियों के उच्च अधिकारियों को इसमें बुलाया जाएगा और यहां के विद्यार्थियों के बिजनेस प्रजेंट किए जाएंगे। इसमें आईआईटी को उम्मीद है कि उनके कई विद्यार्थियों को अच्छी फंडिंग मिलेगी।

आईआईटी में कई पीएचडी करने वाले भी अपनी रिसर्च को प्रोडक्ट में बदलना चाहते हैं। ऐसे में इंदौर के आइडिया दुनियाभर के काम में आ सकते हैं। आईआईटी इंदौर इसके लिए प्रोफेसर की एक कमेटी भी बनाएगा, जिसमें हर विषय के प्रोफेसर्स को लिया जाएगा। विद्यार्थियों की मेटरिंग संस्थान ने अभी से शुरू कर दी है। जो विद्यार्थी जॉब की जगह बिजनेस करना चाहते हैं उन्हें भी आईआईटी पूरी सुविधा दे रहा है।